आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 26.11.2024 समय : 09:00 ए.एम.

....................

- संविधान दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर आज देशभर मे विभिन्न आयोजन।
- केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आयकर विभाग की पैन परियोजना को मंजूरी दी। ग्रामीण कृषि पर राष्ट्रीय मिशन को भी स्वीकृति।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा – विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने में शिक्षा की अहम भूमिका।
- उच्चतम न्यायालय ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को दिल्ली सहित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शिक्षा संस्थानों में कक्षाओं पर जारी प्रतिबंधों में ढ़ील देने पर विचार करने के निर्देश दिये।

....................

देशभर में आज संविधान दिवस की 75वीं वर्षगांठ मनाई जा रही है। आज ही के दिन संविधान को अंगीकार किया गया था। केन्द्र सरकार ने इस अवसर पर आज से एक वर्ष तक चलने वाले समारोह की शुरूआत की है। समारोह के तहत अगले साल 26 नवम्बर तक देशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आज दिल्ली में संसद के केंद्रीय कक्ष में एक भव्य समारोह रखा गया है, जहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु दोनों सदनों को संबोधित करेंगी। इस अवसर पर उप–राष्ट्रषपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला और दिल्ली स्थित दूतावासों के प्रमुख भी उपस्थित रहेंगे।
संविधान दिवस पर एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट के अलावा दो पुस्तकें भी जारी की जाएंगी। इस दौरान संविधान का संस्कृत और मैथिली संस्करण भी जारी किया जाएगा।
उधर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सर्वोच्च न्यायालय में सविधान दिवस समारोह में भी शामिल होंगे। इस अवसर पर वे उपस्थित लोगों को संबोधित करेंगे। श्री मोदी न्यायपालिका की वार्षिक रिपोर्ट भी जारी करेंगे।
प्रदेश में भी संविधान दिवस समारोहपूर्वक मनाया जा रहा है। जयपुर में संविधान क्लब से अंबेडकर सर्किल तक पदयात्रा निकाली जाएगी। कार्यक्रम में सेना, राजस्थान पुलिस, आरएसी और निजी स्कूल बैंडवादन की प्रस्तुति देंगे। प्रदेश के अन्य जिलों में भी कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। कोटा, बारां, भरतपुर, करौली, सवाईमाधोपुर, हनुमानगढ़ और बाडमेर में सूचना और जनसंपर्क विभाग की ओर से जिला स्तरीय प्रदर्शनी लगाई गई है। यहां संगोष्ठी भी आयोजित की जायेगी। जैसलमेर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आज विशेष गोष्ठी आयोजित की जा रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को संविधान दिवस की शुभकामनाएं दी है। गौरतलब है कि भारत देश का संविधान 26 नवम्बर, 1949 को अंगीकार किया गया था और यह 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ था।

....................

केन्द्र की आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने आयकर विभाग की पैन परियोजना के दूसरे चरण को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना पर 1 हजार 435 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने पत्रकारों से कहा कि इस चरण में पूरे मौजूदा तंत्र को संवर्धित किया जाएगा और पोर्टल को एकीकृत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पैन के दूसरे चरण में मजबूत साइबर सुरक्षा उपाय किए जाएंगे। श्री वैष्णव ने स्पष्ट किया कि मौजूदा पैन नम्बर बने रहेंगे।

....................

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने ग्रामीण कृषि पर राष्ट्रीय मिशन पर भी अपनी सहमति दे दी है। इस मिशन का उद्देश्य रसायन मुक्त और सतत कृषि के लिए प्राकृतिक कृषि को पुनजीर्वित करना है। मंत्रिमंडल ने अपनी प्रमुख पहल अटल इनोवेशन मिशन–एआईएम को 31 मार्च, 2028 तक जारी रखने की मंजूरी दी है। इसके लिए 2 हजार 750 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। इस मिशन से सभी क्षेत्रों में बेहतर नौकरियां, नये उत्पाद और उच्च प्रभाव वाली सेवाएं उपलब्ध होंगी।

....................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने में शिक्षा की अहम भूमिका है। कल मुख्यमंत्री कार्यालय में स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आज के बच्चे ही भविष्य के नागरिक हैं और राज्य सरकार प्रदेश के सभी

विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए नई तकनीकों का उपयोग करने के साथ ही, खाली पदों पर भर्ती और स्कूलों में कक्षा–कक्षों का निर्माण कराने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। श्री शर्मा ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अधिक प्रभावी ढंग से लागू करने और शिक्षा के क्षेत्र में राजस्थान को मॉडल स्टेट बनाने के लिए विभिन्न स्तरों पर काम हो रहे है। मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग में खाली पदों पर चरणबद्ध रूप से भर्ती करने के अधिकारियों को निर्देश दिए।

....................

प्रसार भारती, रेलटेल और प्लेबॉक्स टीवी ने आपसी सहयोग के माध्यम से रेलवायर ब्रॉडबैंड पर (फ्रीडम प्लान) शुरू करने का निर्णय लिया है। प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी और रेलटेल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक संजय कुमार ने नई दिल्ली में इस योजना की शुरूआत की। श्री द्विवेदी ने कहा कि प्रसार भारती ने ओटीटी प्लेटफॉर्म लॉन्च करके प्रौद्योगिकी के साथ तालमेल स्थापित किया है।

....................

फ्रीडम प्लान रेलटेल की रिटेल होम इंटरनेट सेवा रेलवायर का ओटीटी होम इंटरनेट प्लान है। यह आम लोगों को किफायती कीमत पर हाई–स्पीड इंटरनेट प्रदान करता है।

....................

उच्चतम न्यायालय ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग को दिल्ली सहित राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में शिक्षा संस्थानों में कक्षाओं पर जारी प्रतिबंधों में ढ़ील देने पर विचार करने का निर्देश दिया है। पिछले सप्ताह गंभीर वायु प्रदूषण के कारण विद्यार्थियों की स्कूल की छुट्टियां घोषित की गई थी। हालांकि ऑनलाईन क्लास जारी थी। न्यायाधीश अभय एस. ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि ऐसे विद्यार्थियों की संख्या काफी अधिक है जिनके घर में एयर प्यूरीफायर नहीं है। इसलिए, घर पर रहने वाले बच्चों और स्कूल जाने वाले बच्चों के बीच कोई विशेष अंतर नहीं है। सर्वोच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि कुछ छात्रों को दोपहर भोजन की सुविधा से वंचित किया जा रहा है और ऑनलाइन कक्षाओं में भाग लेने के लिए उनके पास पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं। न्यायालय ने आयोग से इस संबंध में निर्णय लेने को कहा।

....................

भरतपुर के केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान घना में कई वर्षो के बाद आए पांचना बांध के पानी के साथ ही 19 प्रजाति की नई मछलियां आई हैं जो पक्षियों को भोजन के रूप में मिल रही है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इसके साथ ही कई प्रजातियों की वनस्पति भी प्रवासी पक्षियों को भोजन के रूप में मिल रही है।

....................

13 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी इंडियन प्रीमियर लीग–आईपीएल के सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। आईपीएल–2025 के लिए राजस्थान रॉयल्स ने उन्हें 1 करोड़ दस लाख रुपये की कीमत पर अपनी टीम में शामिल किया। वैभव हाल ही में, अंतरराष्ट्रीय मैच में शतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे। उन्होंने चेन्नई में 19 वर्ष से कम उम्र के खिलाड़ियों के यूथ टेस्ट में, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 62 गेंदों पर 104 रन बनाए थे।

....................